संसद भवन परिसर में सफाई और रखरखाव का स्तर उत्कृष्ट होना चाहिएः लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली (संसद भवन), 9 जुलाई 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन का निरीक्षण करते हुए इस बात पर जोर दिया कि संसद भवन परिसर में साफ-सफाई और रखरखाव का स्तर उत्कृष्ट होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन में जगह-जगह रखरखाव के बारे में कई टिप्पणियाँ कीं और परिसर में अनुरक्षण के कार्य में सकारात्मक परिर्वतन लाने के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल और अन्य कार्यों के लिए उत्तरदायी प्राधिकारियों को कार्य करने के लिए मिशनमोड में आ जाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि परिसर में किए गए परिर्वतन और उसका नया स्वरूप संसद भवन की कलात्मक शैली के साथ मेल खाता और उसके अनुरूप हो।

बाद में, लोक सभा सचिवालय और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए, श्री बिरला ने निदेश दिया कि संसद भवन परिसर स्थित विभिन्न भवनों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। ये नोडल अधिकारी भवनों के पुनरूद्धार के लिए प्रस्तावित योजनाएँ तैयार करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ प्राधिकारियों की अपनी राय देने और अनुरक्षण तथा पुनरूद्धार के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था करने की व्यवर्हायता का अध्ययन करने के लिए आमंत्रित किया जाए।

श्री बिरला ने आगे निदेश दिया कि संसद भवन परिसर के बाहरी भाग में रोशनी करने के कार्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर का होना चाहिए। इसके लिए, परिसर में रोशनी की व्यवस्था की समग्र समीक्षा करने संबंधी विस्तृत योजना तैयार किए जाने को उच्च प्राथमिकता दी जाए।